हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



बिलासपुर। सोमवार को बड़ी संख्या में छठ व्रती परिवार सहित छठघाट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा-भक्ति के साथ डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर छठ घाट का नजारा अद्भुत हो गया।

ड्रोन फोटो : प्रकाश देबनाथ

### एक करोड़ की उठाईगीरी का मामला
## एक पखवाड़ा कैम्प कर महाराष्ट्र से बैरंग लौटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर के सराफा व्यापारी से बस में सोने के जेवर व 7 लाख रुपए नकद सहित 1 करोड़ की उठाईगीरी के मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। पुख्ता सुराग हाथ लगने पर पुलिस की टीम महाराष्ट्र गई थी, एक पखवाड़ा कैम्प करने के बाद उठाईगीरों के घर नहीं लौटने पर टीम बैरंग लौट आई है।

- स्कार्पियो से महाराष्ट्र की ओर भागे थे उठाईगीर
- फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर भागे टोल प्लाजा में किया नकद भुगतान

ज्ञात हो कि 12 अक्टूबर को रायपुर निवासी सराफा व्यापारी किशोर कुमार रावल अम्बिकापुर सराफा दुकानों में सोने के जेवर बेचने गए थे। दिन भर मार्केटिंग करने के बाद रात में रायल बस से रायपुर लौट रहे थे। लौटते समय रास्ते में उन्हें नींद लग गई। इसी दौरान अज्ञात चोर उनका बैग चोरी कर भाग गए। 13 की सुबह बिलासपुर नेहरू चौक में बस पहुंची तो उनकी नींद खुली। देखा तो उनका बैग चोरी हो गया था। बैग में 900 ग्राम सोने के ज्वेलरी व 7 लाख रुपए बिक्री रकम रखा हुआ था, जिसकी कुल कीमत 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। उन्होंने बस में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो सुबह रतनपुर बस स्टैण्ड में 4 लोग बेग चोरी कर नीचे उतरते नजर आ रहे थे।

पुलिस ने रतनपुर अम्बिकापुर मार्ग में लगे टोल प्लाजा व आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो स्कार्पियो में उठाईगीर महाराष्ट्र की ओर भागते नजर आए। पुलिस ने पतासाजी कर उठाईगीरों का पूरा रिकार्ड खंगाल डाला। उठाईगीर महाराष्ट्र सोलापुर जिला के कुरदूवाड़ी के रहने वाले हैं। पुलिस टीम उठाईगीरों को पकड़े महाराष्ट्र गई थी। उठाईगीरों को पकड़ने 15 दिन पुलिस टीम महाराष्ट्र में कैम्प की थी, किन्तु उठाईगीर अपने घर नहीं लौटे, जिससे टीम को बैरंग लौटना पड़ गया है। बहरहाल पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर उठाईगीर के पतासाज में लगी हुई है।

#### स्कार्पियो में लगाया एक्टिवा का नम्बर

सूत्रों के मुताबिक उठाईगीरों ने भागने में स्कार्पियो का उपयोग किया है। वे इतना होशियार थे कि भागते समय कई जगहों पर नम्बर प्लेट बदल रहे थे। एक टोल प्लाजा में स्कार्पियो का नम्बर सर्च किया तो वह एक्टिवा का निकला। इसी तरह टोल प्लाजा में नकद रकम से भुगतान कर रहे थे।

#### पूरे गांव से पुरूष गायब

बताया जाता है महाराष्ट्र सोलापुर के कुरूदूवाडी में रहने वाले सभी लोग चोरी के धंधे में संलिप्त हैं। पुलिस टीम ने गांव पतासाजी कि तो जानकारी मिली पूरे गांव में किसी भी घर में पुरूष नहीं है। सभी चोरी उठाईगीरी करने के लिए घर छोड़कर चले गए हैं और घरों में केवल महिलाएं हैं।

## मिट्टी-मुरूम का अवैध उत्खनन, आठ वाहन जब्त



**बिलासपुर।** खनिज विभाग की टीम द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामलों की धरपकड़ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया था। इसके अंतर्गत विभाग की टीम द्वारा सिरगिट्टी, सरवानी, काठाकोनी व कपसिया खुर्द क्षेत्र में जांच की गई। जांच के दौरान मिट्टी व मुरूम की अवैध खुदाई एवं परिवहन करते पाए जाने के कारण एक हाईवा सहित आठ वाहनों की जब्ती की गई है।

खनिज विभाग की टीम द्वारा बीते दिनों औचक निरीक्षण अभियान चलाकर 8 वाहनों की जब्ती की गई है। इसके अंतर्गत पिरैया क्षेत्र से मिट्टी का अवैध खनन करने के मामले में एक हाईवा, एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर वाहन जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को थाना सिरगिट्टी व लावर चौकी में रखा गया है। इसी तरह कपसिया कला क्षेत्र से मुरूम का अवैध खनन करते पाए जाने पर चार ट्रैक्टर व एक जेसीबी की जब्ती की गई है। उक्त वाहन कोटा थाने के सुपुर्द किए गए हैं। उक्त सभी प्रकरणों में खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

#### मुरूम खनन पर प्रतिबंध

मुरूम की खुदाई पर शत प्रतिशत प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी चाहे निजी क्षेत्र हो या शासकीय क्षेत्र के निर्माण खासकर बेस व पटाई जैसे कार्यों के लिए स्थानीय स्तर पर मुरूम का खनन कर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

अवैध गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने के कारण आठ वाहनों की जब्ती की गई है। मुरूम के खदान तो जिले में किसी को दिए ही नहीं गए हैं। इसकी खुदाई व बिक्री भी प्रतिबंधित है। विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

- किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक, खनिज विभाग

सुमीत बाजार™
सफलता की डोर पकड़िए - हमारे
बिजनेस पार्टनर बनिए
सुमीत ग्रुप दे रहा है सुनहरा भरोसेमंद अवसर
1 यदि आपके पास 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली दुकान प्रमुख स्थान पर है, तो आप खोल सकते हैं अपना
सुमीत फ्रेंचाइजी स्टोर
2 भू-तल पर फर्निश्ड दुकान लीज पर देकर बन सकते हैं सुमीत के
रेवेन्यू शेयरिंग भागीदार
सुमीत बाजार छत्तीसगढ़ के हर जिला, तहसील और गाँव में अपना नेटवर्क तेजी से बढ़ा रहा है. आप भी इस विकास यात्रा का हिस्सा बनें!
अधिक जानने के लिये संपर्क करें
कॉल करें : 9109847900
ईमेल करें : franchise@sumeetbazaar.com
विजिट करें : सुमीत बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, पुजारी चैम्बर्स के सामने, रायपुर

### खबर संक्षेप

#### मौसम की मार से अस्पतालों में भीड़

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, इसका प्रभाव लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ऐसे में अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइन भी लग रही है। सोमवार को छुट्टी के बाजवूद सिम्स में मरीजों की भीड़ रही, इस दौरान इलाज के लिए पहुंचें लोगों ने लाइन में रख कर अपनी बारी का इंतजार किया। बताया जा रहा है कि सर्दी, खांसी और वायरल फीवर के साथ ही तनाव, आंख व मुंह में एलर्जी की शिकायत के साथ मरीज डाक्टरों से मिल रहे है। वहीं लोगों को ठीक होने में भी हफ्ते भर का समय लग रहा है।

## एक्टिवा में 5 सवारी मार रहे थे फर्राटे पुलिस ने किया 4 हजार 300 जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैफिक पुलिस ने जान जोखिम में डालकर एक्टिवा में 5 सवारी फर्राटे मारने वाले 5 नाबालिगों को पकड़कर सिविल लाइन थाने के हवाले कर दिया। उनके परिजन को थाने में तलब कर समझाइश दी गई। उसके बाद मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 4 हजार 300 रुपए जुर्माना पटाने पर सभी को छोड़ दिया गया है।

ज्ञात हो कि शनिवार को सोशल मीडिया पर एक्टिवा में 5 सवारी युवाओं का फर्राटे मारते वीडियो वायरल हो रहा था। बताया जा रहा है यह वीडियों सरकण्डा के नए पुल का है। ट्रैफिक पुलिस ने एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीयू, 6717 के मालिक का पता लगाकर पांचों नाबालिगों को पकड़ लिया और उन्हें सिविल लाइन थाने के हवाले कर दिया। पांचों नाबालिग के परिजन को थाने में तलब कर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाने के बाद समझाइश दी गई। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181, 5/180, 128/177, 184 के तहत चालानी कारवाई कर 4 हजार 300 रुपए शमन शुल्क लिया गया है। उसके बाद नाबालिगों को छोड़ा गया है।


एक्टिवा में 5 सवारी फर्राटे मारते युवकों का वीडियो वायरल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती मामले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति, रजिस्ट्रार से शपथ पत्र में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायक प्राध्यापक भर्ती में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन, एनसीटीई के नियमों के अनदेशी मामले में सोमवार को सुनवाई दौरान यूनिवर्सिटी के जवाब को संतोषजनक नहीं पाते हुए कोर्ट ने कुलपति व रजिस्ट्रार को शपथ पत्र में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। वहीं कोर्ट ने फिलहाल याचिकाकर्ता को मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग अंतर्गत हो रही सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में नेशरल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन एनसीटीई के नियमों की अनदेखी संबंधी मामले को लेकर याचिकाकर्ता नवीन चौबे द्वारा अधिवक्ता आशुतोष शुक्ल के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। मामले की पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की दलील सुनकर अपने आदेश में यूनिवर्सिटी को यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया था कि संबंधित नियुक्ति के लिए निकाला गया विज्ञापन, पद एवं उसमें मांगी गई योग्यता क्या एनसीटीई के नियमों के अनुरूप है, लेकिन आज सुनवाई में यूनिवर्सिटी के अधिवक्ता कोर्ट में संतोषजनक जवाब नहीं दे सकें। कोर्ट ने अपने पिछले आदेश के परिपालन में यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं किए जाने के कारण कुलपति, रजिस्ट्रार को शपथ पत्र में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट द्वारा यूनिवर्सिटी के अधिवक्ता को उच्चधिकारी कुलपति को मामला सूचित करके त्वरित निदान करने कहने पर, यूनिवर्सिटी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कुलपति को इस मामले की पूरी एवं स्पष्ट जानकारी है। वहीं कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अभी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।



#### याचिकाकर्ता को नहीं दी अंतरिम राहत

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी द्वारा 23 अक्टूबर 2025 को जारी एक विज्ञापन के माध्यम से शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया को हाईकोर्ट में चुनौती गई है। विज्ञापन में बीएड, एमएड के लिए योग्यता बीएड, एमएड लिखा गया था। याचिकाकर्ता का तर्क है यह विज्ञापन एनसीटीई के नियम के विरूद्ध है। इस नियम के अनुसार यदि यूनिवर्सिटी बीएड या एमएड पाठयक्रमों के लिए शिक्षकों की नियुक्ति कर रहा है तो विज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि यह पद बीएड या एमएड के लिए, क्योंकि दोनों पाठयक्रमों के लिए शिक्षकों की योग्यताएं और मानक अलग-अलग है। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है कि यदि यह पद केवल एमएड के लिए था तो विज्ञापन में बीएड, एमएड लिखकर भ्रम क्यों पैदा किया गया। विज्ञापन में इस बात की कोई स्पष्टता नहीं है कि यह नियुक्ति शिक्षा विभाग में की जा रही है या विशेष रूप से बीएड या एमएड कार्यक्रम के लिए की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### राजू सलूजा बने कैट के राष्ट्रीय सचिव पदाधिकारियों ने जताई खुशी



**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट )अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं महामंत्री प्रवीण खेंडेलवाल ने राजू सलूजा को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय वॉइस चेयरमैन अमर परवानी ने कहा कि राजू सलूजा का कैट राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होना छत्तीसगढ़ कैट के लिए गर्व का विषय है, वे हमेशा संगठन के कार्य में सक्रिय रहकर अपना योगदान देते हैं, वे संगठन को नई उच्चाइयों पर ले जाएंगे हमारी यही कामना है। छत्तीसगढ़ कैट के कार्यकारी अध्यक्ष बिलासपुर प्रभारी राकेश ओछवानी, बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानंद जयसिंह और कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने राजू सलूजा को कैट का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर बधाइयाँ दी। कैट बिलासपुर महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने कहा की उनका राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होना बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। अब बिलासपुर के व्यापारियों की समस्याएं सीधे केंद्र में आसानी से पहुंचाई जा सकेंगी, जिससे व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

### लिंगियाडीह में होने वाले गायत्री महायज्ञ को लेकर की गई चर्चा



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में शक्ति संवर्धन हेतु 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 5 से 8 दिसंबर तक आर.आर. रिसॉर्ट के पास राजकिशोर नगर में रखा गया है। इसकी तैयारी एवं भूमिपूजन संबंधी गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं की गोष्ठी गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह में संपन्न हुई। जिसमें शहर के सभी पीठों के प्रमुख एवं कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस महायज्ञ की पूर्व तैयारी बतौर 5 नवंबर को यज्ञ स्थल पर ही प्रातः 10 से 12 बजे तक भूमिपूजन कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। वहीं सोमवार से श्रमदान कार्यक्रम आरंभ हो गया है। इस महायज्ञ कार्यक्रम में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, शिखा स्थापन, विद्यारंभ, दीक्षा, जनेऊ, विवाह, वानप्रस्थ संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। महायज्ञ कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने बताया कि जोड़ी में एक साथ बैठने वाले पति-पत्नी के लिए देव दंपति-संकल्प पत्रक भी बनाए गए हैं। जिसमें पूर्व से ही प्रत्येक कुंड में बैठने वाले देव दंपत्ति अपना संकल्प पत्रक भर कर गायत्री प्रज्ञापीठ में जमा कर सुव्यवस्था बनाने में सहयोग कर सकते हैं। यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर के द्वारिका पटेल ने दी।

### स्वेच्छा से देहदानः वीरेंद्र अग्रवाल का प्रेरणादायी कदम



**बिलासपुर।** शेष कॉलोनी, विनोबा नगर निवासी वीरेंद्र अग्रवाल का सुबह 9 बजे निधन हो गया। जीवन के अंतिम क्षणों से पूर्व उन्होंने स्वेच्छा से देहदान करने की इच्छा व्यक्त की। इसकी जानकारी उनके परिजनों को थी,परिजन आशीष अग्रवाल, श्रीमती अलका अंग्रवाल, श्रीमती आभा अग्रवाल एवं श्रीमती पिंकी अग्रवाल द्वारा सिम्स चिकित्सालय के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को इसकी जानकारी दी गई। डॉ. मूर्ति के निर्देश पर एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिक्षा जांगड़े ने आवश्यक कागजी कारवाही कर देहदान को विधिवत स्वीकार किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ. वीणा मोटवानी, डॉ.प्रेमलता येंडे डॉ अमित कुमार डॉ कमलजीत बाशन तथा दिवंगत के परिजन उपस्थित रहे।



**जेटी ग्रुप ने दी श्रद्धांजलिः** प्रसिद्ध समाजसेवी वीरेंद्र अग्रवाल के निधन पर सोमवार की सुबह जतिया तालाब परिसर स्थित योग पार्क में एक शोक सभा आयोजित की गई। सामाजिक संस्था जतिया तालाब मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप जेटी ग्रुप के सदस्यों ने उनके निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जेटी ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश



उपाध्याय, एसके राय और राजेश दुआ ने उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक तथा सांस्कृतिक योगदान को याद किया। जेटी ग्रुप ने स्व.अग्रवाल के देहदान के संकल्प को मानवता की सेवा और सामाजिक चेतना का अनुकरणीय उदाहरण बताया। वीरेंद्र अग्रवाल विगत एक वर्ष से भी ज्यादा समय से जेटी ग्रुप से जुड़े हुए थे। शोक सभा के दौरान जेटी ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश उपाध्याय के साथ ओपी शर्मा, प्रकाश रोचवानी, प्रकाश उपाध्याय, डॉ. राजेश मानिकपुरी, गंगाराम सुखीजा, मनोहर खटूजा, रमेश जायसवाल, प्रमोद बेले, एसके राय, राजेश दुआ, संजय सिहोते, सीताराम, डॉ.अमृतलाल ध्रुवंशी, किरण उपाध्याय, रीमा शर्मा, सुनीता रोचवानी, माधवी सिहोते, वर्षा सुखीजा, पुष्पा, रानी मानिकपुरी और मीनू सहित अनेक सदस्य गण अपने परिवार के साथ मौजूद थे।

---

**जीएसटी कटौती का दिखने लगा असर** — सीमेंट में 20 रूपए की गिरावट, सरिया 12 रूपए सस्ता

# अब सस्ता हुआ घर बनाना, बिल्डिंग मटैरियल के रेट घटे

**बिलासपुर।** जीएसटी की दरों में कटौती होने का असर बिल्डिंग मटैरियल की कीमतों पर भी नजर आने लगा है। इन दिनों मटैरियल के दाम कम हुए हैं। चिल्हर में तीन सौ रूपए प्रति बोरी की दर पर बिकने वाला अच्छी कंपनी का सीमेंट 280 रूपए पर पहुंच चुका है। इसी तरह 60 रूपए प्रति किलो की दर पर मिल रहा सरिया फिलहाल 48 से 50 रूपए किलो की कीमत में उपलब्ध है।

अगर आप घर बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह समय बेहतर नहीं, बल्कि बेहतरीन हो सकता है। इसके पीछे कारण यह है कि भवन निर्माण की





लगभग सारी सामग्रियों के दामों में गिरावट आई है। डेढ़ से दो महीने पहले तक सामग्रियों के दाम आसमान छू रहे थे, जबकि महीना आफ सीजन वाला था। भवन निर्माण के लिए बारिश के मौसम को ऑफ सीजन माना जाता है, लेकिन इस ऑफ सीजन में भी कीमतें आसमान छू रही थीं। रेत की कीमत 29 सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर थी, जो अभी घटकर 22 सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर हो चुकी है। रेत की कीमत कम होने के पीछे नदियों में पानी के स्तर में कमी आना भी एक बड़ा कारण हो सकता है, जिससे घाटों से रेत निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

### गिट्टी की कीमतें कम नहीं हुईं

शहर में गिट्टी की कीमतों में कोई खास गिरावट नहीं आई है। बीते महीनों में गिट्टी 3 हजार रूपए प्रति ट्रैक्टर बेची जा रही थी, जो कि सौ रूपए घटकर अभी 29 सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर की दर पर बेची जा रही है। कुल मिलाकर भवन निर्माण के दौरान स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए जिन सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है, उनकी कीमतों में फिलहाल इतनी गिरावट तो आ ही चुकी है कि भवन का स्ट्रक्चर पूरा खड़ा होते तक खासी रकम बचाई जा सकती है।

### सीमेंट के दाम घटे

भवन निर्माण करने वालों द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट को पहली प्राथमिकता में रखा जाता है, जो कि बीते महीनों तक तीन सौ रूपए प्रति बोरी की दर पर बाजार में बिक रहा था। इसकी कीमत में सीधे-सीधे 20 रूपए की गिरावट आई है, जिससे यह 280 रूपए में उपलब्ध है। डबल बुल नामक सीमेंट जो कि 290 रूपए प्रतिबोरी की दर पर बिक रहा था, वर्तमान में तीस रूपए की गिरावट के साथ मार्केट में 260 रूपए में उपलब्ध है। सरिया की कीमतों में भी पर्याप्त गिरावट दर्ज की गई है। सृष्टि कंपनी का सरिया 60 रूपए प्रतिकिलो की दर पर बिक रहा था, जो वर्तमान में 48 व 50 रूपए किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। इसी तरह कामधेनु नामक सरिया भी 58 से 60 रूपए प्रतिकिलो की दर पर बेचा जा रहा था, जो घटकर 52 रूपए पर आ चुका है।

---

जवाली नाला के दोनों तरफ अवैध कब्जे की दुकानें व मकान

# मस्तक देख तिलक लगा रहा निगम, एक ओर हो रही कार्रवाई, दूसरी ओर कब्जा ही कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जवाली नाला सड़क के एक ही हिस्से में नगर निगम के अधिकारियों को अवैध कब्जा दिखाई दिया है, जबकि सालों से सड़क के अन्य हिस्सों में अवैध कब्जा कर दुकान व मकान बनाए जा चुके हैं। ऐसे में निगम की कार्रवाई पर सवाल उठाया जा रहा है। जबकि मिशन अस्पताल से तेलीपारा सड़क पर लोगों ने अवैध तरीके से दुकान बना ली है और कई जगहों पर मलबा और कबाड़ रखा गया है।

शहर की सबसे बड़ी समस्या सड़क पर बेतहाशा भीड़ है, इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ज्वाली नाले पर सड़क बनाई गई है, लेकिन सड़क बनने के बाद से ही दोनों ओर कब्जाधारी जमीन बढ़ा चुके हैं। कुछ लोगों ने 3 फ्लोर की दुकानें तक बनाई हैं। खास बात यह है कि ज्यादातर लोग मिशन अस्पताल सड़क से तेलीपारा तक आने के लिए इस सड़क का उपयोग करते हैं, लेकिन यहां कब्जाधारियों की भरमार है। जवाली नाले के मिशन अस्पताल से मध्यनगरीय चौक सड़क पर वाहन पार्किंग की जाती है। कुछ लोगों ने इसके कचरा और कबाड़ डंपिंग क्षेत्र बना रहा है। बताया जा रहा है कि यहां अवैध तरीके से फैक्ट्री भी संचालित होती है, जिसकी भनक तक नगर निगम के



खपरगंज के पास सड़क पर खुली दुकान।



मध्यनगरीय से तेलीपारा जाने वाली सड़क पर बनाई जा रहीं दुकानें।

अधिकारियों को नहीं है। वहीं मध्यनगरीय चौक से मेडिकल काम्प्लेक्स तक हाल किसी से छिपा नहीं है। दुकानदारों द्वारा दुकानों का सामान सड़क पर रखा जाता है, शाम और सुबह के समय यहां जाम की स्थिति निर्मित होती है,जिससे आम लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ रही है लेकिन नगर निगम ने महज कुछ ही लोगों पर कार्रवाई की है, जिसके चलते कार्रवाई को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

### जवाली नाला के पास बनेगा सबस्टेशन

बताया जा रहा है कि जिस जगह पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ढहाया है, वहां सरकारी जमीन है। साथ ही नगर निगम ने बिजली विभाग के लिए जगह की तलाश पूरी कर ली है। ज्वालीनाला के पास 33 केवी लाइन का सबस्टेशन बनाया जाना है, जिसके लिए राजस्व और नगर निगम ने सीमांकन कर जमीन निकाली है। यह जमीन बिजली विभाग को देने की तैयारी जारी है। शहर के बिजली लोड को देखते हुए 33 केवी सबस्टेशन बनाया जाएगा।

### कराया जाएगा सीमांकन

जहां कार्रवाई की गई है, वह सरकारी जमीन है। जवाली नाले के दूसरे हिस्से में अवैध कब्जे की जानकारी नहीं है। जल्द ही राजस्व व नगर निगम के अधिकारियों को नए सिरे से सीमांकन करने के लिए कहा जाएगा। किसी भी अवैध कब्जे को छोड़ा नहीं जाएगा।

**-अमित कुमार**, कमिश्नर, नगर निगम

---

## एसईसीएल में किया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद के करकमलों से एसईसीएल मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस वर्ष 27 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा, जिसका समापन 3 नवंबर को होगा।

कार्यक्रम में अतिथियों ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, जिसके उपरांत कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत बजाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद के साथ हरीश दुहन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एसईसीएल कार्यकारी निदेशक समन्वय, कोल इंडिया आलोक ललित कुमार, निदेशक तकनीकी/संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक तकनीकी/योजना परियोजना रमेश चन्द्र महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, संचालन समिति सदस्य, संचालन क्षेत्रों के महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पीएम प्रसाद ने कहा कि सतर्कता को केवल एक सप्ताह तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी कार्यशैली और जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा जहां भी रहें, जो भी कार्य करें हमें निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सतर्कता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सत्यनिष्ठा शपथ का सामूहिक वाचन किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की शपथ ली। विदित हो कि एसईसीएल में 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक तीन माह का निवारक सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एसईसीएल कर्मियों, स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र, ग्राम सभाएँ, पौधरोपण कार्यक्रम और जन-जागरूकता रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता फैलाना और संगठन में पारदर्शिता एवं निष्ठा की संस्कृति को सशक्त बनाना है।

---

# अंचल के लघु उद्यमियों ने बताई अपनी कठिनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दिल्ली एमएसएमई की ज्वाइंट सेक्रेटरी मिस मर्सी ईपाओ हुई शामिल

भारत सरकार के लघु उद्योग मंत्रालय एमएसएमई के सहयोग एवं जिला उद्योग संघ द्वारा लगात एवं प्रतिस्पर्धात्मकता एवं लघु उद्योग की कठिनाइयों के संवाद विषय पर एक वृहद सेमिनार का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि दिल्ली से एमएसएमई के ज्वाइंट सेक्रेटरी मिस मर्सी ईपाओ, स्टेट जीएसटी अधिकारी अंशु शुक्ला, संयुक्त निदेशक लोकेश कुमार परगनिहा, एनएसआईसी प्रबंधक एनके सिन्हा, प्रबंधक अमित खरे और कार्यक्रम की अध्यक्ष हरीश केडिया मौजूद थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, शरद सक्सेना, पीएस भाटिया, चन्दकांत भट्ट, सुनील मारदा एवं अन्य उद्योग पतियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार शुक्रवार 24 अक्टूबर को उद्योग भवन




उद्योग भवन में आयोजित सेमिनार में उपस्थित अतिथि।

में दोपहर 3 बजे से आरंभ हो कर रात तक चला। यह सेमिनार पूरे देश के प्रत्येक राज्य में एक ही दिन एक ही समय पर आयोजित किया गया था। प्रदेश में यह सेमिनार जिला उद्योग संघ बिलासपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों की समस्याओं की जानकारी लेकर केंद्र सरकार के पास निराकरण हेतु प्रेषित करना था। हरीश केडिया ने उद्बोधन में श्रम कानून की कठिनाइयों को बताते हुए अमूल चूल परिवर्तन की मांग, लघु उद्योग को सस्ते कच्चे माल की अनुपलब्धता, कोयला की जटिल प्रक्रिया के बारे में बताया।

उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना ने औद्योगिक भूमि की अनुपलब्धता, औप्र में फायर ब्रिगेड, पार्किंग, डंपिंग यार्ड की कमी, लघु उद्योग के विपणन के लिए कोई राज्यस्तरीय पोर्टल नहीं है, इत्यादि की जानकारी दी गई। गुड़ एसोसिएशन पंडरिया के मोहन ठाकुर, पीएचडी चेम्बर रायपुर के सुमित दुबे ने भी समस्याओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि की आसंदी से मिस मर्सी ईपाओ ने कहा कि प्रधानमंत्री विचारों के अनुरूप कलस्टर एमएसएमई सेक्टर को मजबूती प्रदान करने समस्याओं की जानकारी प्रत्येक राज्य से प्राप्त कर नियमों में संशोधन करने हेतु प्रक्रिया करने के साथ सभी समस्याओं को आगे बढ़ाया जाएगा। अंत में सिडबी एवं एनएसआईसी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

---

## एक शाम शहीदों के नाम का किया गया आयोजन



बिलासपुर। प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान के तत्वावधान में पराक्रम एक विजय गाथा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीदों के सम्मान में वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक अशोक शर्मा अद्वितीय ने मातृभूमि एवं शहीदों को काव्यांजलि अर्पित करते हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव जिन्होंने कारगिल युद्ध में 17 गोली खाकर मां भारती की सीमांत से शत्रुओं को भगाया। ऐसे देश के महानायक को ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन अशोक शर्मा एवं शहर के युवा कवि दीपक दुबे सागर द्वारा भेंट की गई। आयोजन में शहीदों के परिजनों को कैप्टन साहब के हाथों सम्मानित किया गया। उनके सम्मान में शहर के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत,भारतीय परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वर्तमान तथा भूतपूर्व सैन्य अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

अग्रवाल समाज का दीपावली मिलन समारोह

# स्वामी हरिहरानंद ने की सबके कल्याण व प्रगति की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रवाल समाज द्वारा रायपुर रोड स्थित एएस फन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी हरिहरानंद उपस्थित थे। स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि दीपावली के पर्व पर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है।

अग्रवाल समाज के ज्यादातर लोग व्यापारी होते हैं और यह उनका प्रमुख पर्व है, इसके लिए सभी को आशीर्वाद है। उन्होंने सभी के साथ-साथ राज्य व देश के कल्याण की कामना की। इस दौरान मंच पर नगर विधायक अमर



अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित करते स्वामी हरिहरानंद।

अग्रवाल, अध्यक्ष शिव अग्रवाल, एएनएस प्रेसीडेंट अंकुर अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल और महिला समिति से रंजना अग्रवाल सहित राजुल जाजोदिया, बजरंग केडिया, जगदीश केडिया, बजरंग लोहिया, हेमंत मोदी, आलोक केडिया सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और लोग मौजूद थे।

---

## निषाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने की कार्यकर्ताओं से चर्चा



**बिलासपुर।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दो बार के सांसद प्रवीण निषाद के प्रथम शहर आगमन पर स्वागत किया गया। उन्होंने मल्हार के पौराणिक मंदिरों में माता डीनडेश्वरी का दर्शन कर पूजा अर्चना की।

मल्हार की नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी निषाद से मुलाकात कर समाज के बारे में चर्चा करने के साथ ही मल्हार में चल रहे नवधा रामायण में सम्मिलित हुए। इसके उपरांत रामायण मंडली के गान बाजा में भी शामिल होने के बाद राम चंद्र और महाराजा गुहाराज निषाद के मित्रता के बारे सामाजिक बंधुओं को बताया। इस दौरान संजय सिंह राजपूत राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी, सूरज निषाद प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी, राज कुमार निषाद प्रदेश संगठन अध्यक्ष, कुंजराम निषाद आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष, धनेश्वरी निषाद नपा अध्यक्ष मल्हार, धनेश्वर निषाद, नीलेश निषाद, नकुल निषाद आदि मौजूद रहे।

27- OCT- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 10/27/2025 5:34 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

हरिभूमि लाइव





उद्योगपति प्रवीण झा ने सपत्नीक छठी मइया की पूजा की।



जोड़े-जोड़े फलवा सुरूजदेव, घटवा पे तीवई चढ़ावेले हो.., छठी मइया की ऊंची रे अररिया, चली अरघ दियाय.., जय छठी मइया ले के जाई हो, माथ पर दउरवा..आदि लोक गीतों से पूरा छठ घाट गूंज रहा था। मौका था लोक आस्था के महापर्व छठ के पहले अर्घ्य देने का। सोमवार को छठ व्रतियों ने पूरे श्रद्धा-भक्ति के साथ परिवार सहित घाट पहुंच कर डूबते सूरज को अर्घ्य दिया।

# जय छठी मइया ले के जाई हो, माथ पर दउरवा..



रणधीर राय ने परिवार के साथ की छठ पूजा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाटलीपुत्रा संस्कृति विकास मंच द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। यह चार दिनों तक चलने वाला महापर्व है। इसके तीसरे दिन सोमवार को व्रतियों ने शाम के 5.25 मिनट में महापर्व छठ का पहला अर्घ्य देकर दीपदान किया।

इस पूजा का अदभूत नजारा देखने घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाएं और उनके परिजन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पारंपरिक परिधान में सिर में डाला लिए हुए बाजे-गाजे के साथ घाट पहुंचे एवं दूध, हल्दी मिले जल से सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाएं बांस की सूप में ठेकुआ, फल, नारियल, सिंघाड़ा, नींबू और अन्य सभी मौसमी फलों को लेकर जल में खड़ी रहीं। अर्घ्य का समय होते ही सूर्य को जल अर्पित करते हुए छठी मइया से संतान सुख, परिवार की समृद्धि और समाज कल्याण की कामना की। पवित्रता के प्रतीक इस पर्व के चौथे दिन मंगलवार 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। इस दिन के लिए पूजा समिति की ओर से अर्घ्य देने एक क्विंटल दूध की व्यवस्था की गई है। प्रसाद का भी वितरण होगा।

## झा परिवार ने की सुख-समृद्धि की कामना

छठ पूजा के तीसरे दिन सोमवार को पूजा समिति के सदस्य प्रवीण झा ने अपने पूरे परिवार के साथ घाट पहुंचकर छठी मइया की पूजा की एवं बड़े श्रद्धा के साथ डूबते सूरज को अर्घ्य देकर परिवार, समाज एवं पूरे प्रदेश में सुख-समृद्धि बहाल होने की कामना की। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना झा, सुपुत्र दिव्यांश व चिन्मय पूजा, अर्घ्य में शामिल हुए।

## इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में छठ पूजा समिति के सदस्य प्रवीण झा, अभय नारायण राय, आरपी सिंह, रौशन सिंह, सुधीर झा, डीएन ओझा, दिलीप चौधरी, धनंजय झा, प्रशांत सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, गणेश गिरी, एके कंठ, राजीव गिरी, चन्द्र किशोर प्रसाद, रामसखा चौधरी, धीरज झा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।





**निभाई गई कोसी भरने की परंपरा**

गन्ने को समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि गन्ना छठी मैया को प्रसन्न करने का सबसे आसान और सच्चा माध्यम है, इसलिए भक्त गन्ने की डंडी से कांवर सजा कर सूर्य देव को अर्पित किया। छठ पूजा के प्रमुख प्रसाद में गन्ने को चढ़ाया गया। कोसी भरने की परंपरा निभाने घर के आंगन में पत्तों वाले गन्ने से मंडप जैसा बना कर उसी में छठ पूजा के लिए कोसी रखी गई। फिर पूरे विधि-विधान से पूजा की गई। मान्यता है कि ऐसा करने से माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। छठ पूजा विशेष रूप से सूर्य देव और प्रकृति को समर्पित होता है, इसलिए भी गन्ने का महत्व बढ़ जाता है।

**आयोजन**

## दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का 31 व 1 नंबबर को आयोजन

**बिलासपुर**। दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रर्दशनी का आयोजन 31 अक्टूबर व 1 नंबबर को किया जा रहा है। बिलासपुर डाक संभाग द्वारा जिला स्तरीय डाक टिकट प्रर्दशनी बिलासापेक्स का आयोजन राघवेन्द्र राव सभा भवन कंपनी गार्डन के पास किया



जायेगा। प्रर्दशनी में डाक संभाग के सभी डाक टिकट संग्रहकर्ता भाग लेंगे, उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से डाक टिकट के क्रमश विकास एवं समग्र इतिहास की झलक, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक घटनाक्रम की जानकारी भी प्राप्त होगी। शालेय छात्र-छात्राओं को प्रदर्शनी में महापुरुषों, खेल, ज्ञान-विज्ञान, प्रकृत्ति, पर्यावरण, वन्य जीव-जन्तु, विभिन्न देश-विदेशों की कला संस्कृति आदि की रोचक जानकारी प्राप्त होगी। उक्त रोचक व ज्ञानवर्धक डाक टिकट प्रदर्शनी का अवलोकन प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिये अत्यंत लाभदायक होगा। उक्त प्रर्दशनी आम जनों के देखने के लिए सुबह 10 बजे से उपलब्ध होगी। विभाग के द्वारा प्रर्दशनी स्थल पर ही माई स्टेम्प योजना की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### माई स्टेम्प से स्वंय की फोटो लगवा सकते

माई स्टेम्प योजना के डाक टिकट विभिन्न प्रकार के शीटों में उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यक्ति अपना स्वयं का फोटो एवं परिचय पत्र के साथ आवेदन पत्र भर कर निर्धारित शुल्क तीन सौ रुपये अदा कर उक्त डाक टिकट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक को 5 रुपये के कुल 12 टिकटों का एक सेट प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी फोटो डाक टिकट के साथ छपवा सकता है।

## कान्यकुब्ज समाज के दीपावली मिलन में किया गया सम्मान

**बिलासपुर**। रविवार को कान्यकुब्ज भवन इमलीपारा में नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति का दीपावली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि कुलपति अटल विश्व विद्यालय आचार्य एडीएन बाजपेयी एवं कुलसचिव सीव्ही रमन विश्वविद्यालय कोटा अरविंद तिवारी के साथ समाज के संरक्षक राम प्रसाद शुक्ला, देवी प्रसाद शुक्ला, कान्यकुब्ज ब्राम्हण विकास मंच के अध्यक्ष बीके पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी एवं आशीष शुक्ला उप महाअधिवक्ता हाईकोर्ट विशिष्ट अतिथि रहे। समाज की गतिविधियों की अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष किरण बाजपेयी ने महिलाओं के कार्यक्रम की जानकारी दी।



आचार्य एडीएन बाजपेयी को कान्यकुब्ज शिरोमणी सम्मान प्रदान किया गया। श्री बाजपेयी ने कहा कि हम परिवार में रहते हैं किन्तु समाज सर्वोपरी है। उन्होंने बिलासपुर में कान्यकुब्ज समाज की गतिविधियों की सराहना की तथा हर सदस्य को समाज के लिए आगे आकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कुलसचिव अरविंद तिवारी ने कहा कि आज हम यहां तीन पीढ़ियों के सम्मान को देख रहे हैं। वरिष्ठों का सम्मान व प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान के साथ मिडिल एज के लोगो का भी समाज सम्मान कर रहा है। उन्होंने सामाजिक एकता पर बल दिया। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी ने भगवान राम का उदाहरण देकर समाज के आदर्श पर अपनी बात कही। समाज की नवीन कार्यकारिणी पुरुष व महिला का शपथ कुल सचिव अरविन्द तिवारी ने दिलाया।

समाज के 75 वर्ष अधिक आयु वरिष्ठ राधादेवी तिवारी, रामवती तिवारी, उमाकांत तिवारी, ममता बाजपेयी, शशि किरण पांडेय, नलिनी पांडेय एवं सुशीला मिश्रा का सम्मान किया गया। समाज को 5 लाख सहयोग देने वाली रीना बाजपेयी को समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक त्रिवेदी, ममता तिवारी व प्रभात मिश्रा ने किया।

## वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक

### हिंदू संस्कृति को जीवंत रखने का आव्हान

**बिलासपुर**। वंदे मातरम मित्र मंडल की 220वीं बैठक दीपावली मिलन के साथ प्रियदर्शिनी नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मदकू द्वीप के पीठाधीश महंत रामरूप दास त्यागी महाराज, विभाग संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजकुमार सचदेव, सुदर्शन समाज प्रमुख राजकुमार समुद्रे, वार्ड पार्षद ध्रुव कोरी सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी एवं शासकीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



प्रफुल्ल मिश्र ने महंत रामरूप दास त्यागी का जीवन परिचय देते हुए कहा कि "मदकू द्वीप जैसे क्षेत्र में, हिंदू संस्कृति की अलख जगाए रखना सराहनीय है।" उन्होंने वहाँ एक विशाल दंड संचलन आयोजित करने का आव्हान भी किया। महेंद्र जैन ने संगठन की स्थापना और उसके कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि अगस्त 2021 में बंगाल हिंसा के बाद उपेक्षित, वंचित एवं दलित समाज को सम्मानित करने के उद्देश्य से संगठन की नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि "मंदिर और शास्त्र के साथ ही शस्त्र की भी आवश्यकता है।" उन्होंने बताया कि अरबिंदो संस्थान, जम्मू द्वारा सनातनी एकता में योगदान हेतु वंदे मातरम मित्र मंडल को सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में बाल कलाकार तनिष्क वर्मा ने भजनों से सभी का मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन सौरभ दूबे एवं शपथ नरेन्द्र यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात दिनेश मुदलियार द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम**

## ब्राइडल मेकअप शो, लोक नृत्य प्रस्तुतियां कैंप फायर रहा आकर्षण का केन्द्र





**बिलासपुर**। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़िला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ द्वारा आयोजित 20वीं वार्षिक जिला रैली एवं शिविर का समापन हुआ। यह तीन दिवसीय शिविर रेलवे स्कूल क्रमांक 1 में आयोजित जिसमें बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के कुल 390 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा अतिथियों ने सहभागिता की अंतिम दिवस में शिविर की विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का सफल समापन किया गया। जिनमें गेट मेकिंग प्रतियोगिता, रोवर–रेंजर द्वारा बिना बर्तन के खाना बनाना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, पोस्टर मेकिंग, कैंप क्राफ्ट, ब्राइडल मेकअप शो, तथा लोक नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं कैंप फायर मुख्य आकर्षण रहे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, कौशल, नेतृत्व एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**स्पोटर्स न्यूज**

### इंटर बिल्हा चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में बिल्हा एवेंजर्स को 62 रनों से पराजित किया

## बिल्हा हंटर्स ने लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय बिल्हा चैंपियंस ट्रॉफी का शानदार समापन हो गया है। दो दिवसीय इस आयोजन में बिल्हा ब्लॉक के 4 टीमों ने भाग लिया था जिसमें बिल्हा हंटर और बिल्हा अवेंजर्स की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिल्हा हंटर के टीम ने कप्तान अख्तर खान के शानदार अर्धशतक के बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 121 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जिसका पीछा करते हुए बिल्हा एवेंजर्स की टीम 10 ओवर में केवल 59 रन बना सकी इस तरह बिल्हा हंटर की टीम ने 62 रनों से मैच जीत कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ़ द मैच नाबाद 52 रन और 1 विकेट लेने वाले अख्तर खान को दिया गया। इससे पहले तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में बिल्हा ब्लास्टर की टीम ने बिल्हा वॉरियर्स को एक कड़े मुकाबले में हराकर तीसरे स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दूसरे दिन के मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव अटल बिहारी बाजपेयी डॉ विशेष गौतम , जिला अध्यक्ष शिव सेना रेवती यादव, एमाईसी विजय ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में देव रूद्रकर,विवेक दुबे, प्रदीप पाण्डेय, जय कौशिक, मनोज यादव, योगेश पाण्डेय, अजय साहू मुकेश कश्यप अमित यादव आसिफ अली, सौरभ मजूमदार एवं समस्त खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा।





### इन खिलाड़ियों रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

प्रतियोगिता में मेन ऑफ द सीरीज लगातार दूसरे वर्ष भी हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले अख्तर खान रहे। सर्वश्रेष्ठ बॉलर कालेश्वर साहू, सर्वश्रेष्ठ बैटर अख्तर खान,सर्वाधिक 4 रन मुकेश कश्यप,सर्वाधिक 6 रन अख्तर खान,बेस्ट विकेटकीपर केशव वर्मा,सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक ईश्वर साहू,सर्वश्रेष्ठ 45+ खिलाड़ी प्रमोद दुबे अनुशासित टीम बिल्हा वारियर्स को खिताब दिया गया। आयोजन में पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए जिले के अन्य विकासखंडों से जय प्रकाश मानिकपुरी, अमलेश पाली, राजेंद्र नेताम, अनीश कौशिक, विशाल जायसवाल, भूपेंद्र कौशिक, बलराम रजक विशेष रूप से निर्णायक के रूप में पूरे आयोजन में उपस्थित रहे।





## ऑल इंडिया बास्केटबॉल में रेलवे की टीम विजेता

भिलाई में आयोजित सेकंड ऑल इंडिया बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पुरुष टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया, ऑल इंडिया बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें देश भर की टीमों ने हिस्सा लिया था इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की पुरुष टीम ने भी भाग लिया। इस टीम ने फाइनल मुकाबला जीता इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब बिलासपुर रेल के संजय को दिया गया। पुरुष बास्केटबॉल टीम पूरे रेलवे को गौरांवित होने का मौका प्रदान किया है। टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रवण कुमार बिश्नोई एवं असिस्टेंट कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नितिन शाक्या रहें।



# 'कांतारा चैप्टर-1' का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी 'छावा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 'कांतारा चैप्टर-1' की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1'ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

लाइफ Style



# सोनल 'मिर्जापुर: द फिल्म' में एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'जन्नत' फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री 'मिर्जापुर: द फिल्म' में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।


सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको 'मिर्जापुर' की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म' में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।" सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'बुगोनिया' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



# जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, 'तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, 'लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।' सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



# 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी' सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। 'महारानी 4' की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।'



# 'मस्ती-4' का पोस्टर आउट आज ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'मस्ती' की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। विशेष रूप से जैसे ही 28 अक्टूबर रिलीज होने जा रही 'मस्ती 4' की ट्रेलर रिलीज की डेट सामने आई है, दर्शक और ज़्यादा उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। इसके बाद जय और माही दोनों 3 बच्चों के माता-पिता बने। इनमें से 2 बच्चों को उन्होंने अपने केयरटेकर से साल 2017 में अडॉप्ट किया था, जिनके नाम राजवीर और खुशी हैं।



# छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने 'घाट चलले मोदी नीतीश' सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।



# काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका

**मुंबई।** फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग कर रही हैं। 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



# खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई ।** कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल सेंसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया, जो जानती हैं कि वो कौन हैं।


## गुमशुदा



जी. लक्ष्मीनारायण राव

**जी. लक्ष्मीनारायण राव पिता स्व. जी. ईश्वर उम्र 54 वर्ष,** कद 5 फुट 5 इंच, रंग सांवला, दुबला पतला, बाल छोटा एवं सफेद काला चेहरा लम्बा, भूरे रंग का पेन्ट एवं सफेद रंग का शर्ट पहने है। जो कि कन्हैयालाल पंजवानी उनके पुत्र तुषार पंजवानी के घर से पैसा की लेनदेन की बात करने के दौरान आपसी विवाद होने पर निकलकर कहीं चला गया। परंतु उसे बाद कोई पता नहीं चला इसके पश्चात नाते रिश्तेदारी व अन्य जगहों पर काफी तलाश की। जिस किसी सज्जन को कहीं मिले कृपया निम्न पते व नंबर पर सूचित करे। **जी. राजेश्वरी, निवासी वार्ड नं. 42, मकान नंबर 961/15 डॉ. बनर्जी गली के पीछे, देवरीखुर्द तह. व जिला बिलासपुर मो. 9294546812**


# 1961 में बनी फिल्म 'भैया' में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

# छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

*मुंबई। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म 'भैया' ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

## फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म 'भैया' ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। 'भैया' को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। 'लगल करेजवा में', 'पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा' और 'भंवरवा रहे गूंजराय' जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



## मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व'छठ'अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर'छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..','कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..''दर्शन दीहीं हे आदित देव..','कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..'जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

## हर घर में सुनाई देते हैं छठ के गीत

छठ गीतों के बिना मानो पर्व में रंग ही नहीं आता है। जिन घरों में छठ पर्व का आयोजन किया गया उन घरों से तो गीतों की आवाज आ ही रही है इसके अलावा, जिस रास्ते से गुजरें आपको विभिन्न लोक गायकों की आवाज से सजे ऐसे गीत सुनने को मिल जाएंगे। इन गानों का संयोजन और संकलन छठ महापर्व के लिए ही किया जाता है। छठ गीतों से जुड़ी एक रोचक बात ये है कि ये एक ही लय में गाए जाते हैं।'छठ पूजा'के लोकगीतों की चर्चा होते ही सबसे पहले दिवंतत शारदा सिन्हा का नाम जेहन में आता है। ऐसे कई गीत हैं, जिन्हें शारदा सिन्हा ने अपनी अपनी मधुर आवाज देकर अमर कर दिया है।


**आम सूचना का खण्डन का खण्डन**

श्री भूपेन्द्र पाण्डेय पिता स्व. केशव प्रसाद पाण्डेय निवासी लिमतरा तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर द्वारा हरिभूमि बिलासपुर में दिनांक 18/10/2025 को आम सूचना का खण्डन प्रकाशन कराया था, उक्त खण्डन का खण्डन मोहरसाय धृतलहरे निवासी लिमतरा, मस्तुरी की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर उक्त खण्डन का खण्डन प्रकाशित कराता हूँ कि मौजा लिमतरा तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 207/6 शामिल खसरा नंबर 208/1 में उल्लेखित रकबा को मोहरसाय द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है जिसका एकमात्र स्वामी मोहरसाय है। उपरोक्त भूमि त्रुटिवश मोहरसाय के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ है। उक्त भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विधिवत नामांतरण पश्चात राजस्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार मोहरसाय के नाम दर्ज है जिस पर संपूर्ण उपयोग-उपभोग इत्यादि करने का अधिकार निहित है।

सो सूचना जानें।

बिलासपुर छ.ग.
दिनांक-27/10/2025

भवदीय
संकेत कुमार खाण्डे
अधिवक्ता, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-8085201302



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार/ //**

कमांक/क/अति. तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 16/10/2025
रा.प्र.क्रं...../अ-6/2025-26
ग्राम-सरकण्डा, प.ह.नं.-32

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविद कुमार कश्यप पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद कश्यप निवासी ग्राम पौना तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा प.ह.नं. 32, मौजा सरकण्डा, स्थित भूमि खसरा नं. 581/21 शामिल 582/24, 583/28 रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने के आधार पर विधिक वारिसानों के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति/ दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 6/11/2025 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

27- OCT--REGNOL-pg-5-COMMAN_Layout 1 10/27/2025 11:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जरहागांव में मनाया गया दीपावली मिलन



**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव में दीपावली मिलन मनाया गया। इस दौरान युवाओं को श्रीफल शाल देकर सम्मानित किया गया। हरिभूमि प्रतिनिधि पी बेनेट ने कहा कि दीपावली मिलन एक बेहतरीन अवसर है। इस मौके पर हरिभूमि अखबार में कार्य कर रहे लोगों के साथ सप्रेम भेंट का अवसर प्राप्त होता है ताकि एक दूसरे के मध्य चर्चा हो सके और अखबार बेहतरी के लिए सतत प्रयासरत रहे। जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों के माध्यम से ही किसी संस्थान को ऊंचा मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका होती है। इसी के मद्देनजर दीपावली पर्व पर उन्हें गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर ईसा राज, एस रानी, शिव्या रानी, अरविन्द पटेल, रेमन यादव, करण यादव, परमेश्वर यादव, दाऊ आदि मौजूद रहे।

### प्रेमचंद साहित्य समिति का दीवाली मिलन कार्यक्रम



**तखतपुर।** प्रेमचंद साहित्य समिति द्वारा दीवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में प्रचलित कथन मंगलवार के पड़े दिवाली, हंसे किसान, रोवे व्यापारी को स्मरण करते हुए, अपनी छत्तीसगढ़ी रचना चल संगी दिया ला जलाबो, मिलजुल के साबो विषमता लाभ मिटाबो" के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। टी. डी. वैष्णव ने दिये की आत्मकथा प्रस्तुत करते हुए भावपूर्ण शब्दों में कहा दिया सबको देता है, पर खुद अंधेरे में रहता है। उमर कुरेशी ने कार्यक्रम का संचालन किया और अपनी रचना दीपावली की जीवन्त व्याख्या की। अरविन्द शर्मा, अधिवक्ता अजय सिंह ठाकुर, जगदीश जायसवाल, भीखम कौशिक ने अपनी कविता पाठ की।

### देवांगन समाज ने मनाया दीपवाली मिलन समारोह



**मुंगेली।** देवांगन समाज द्वारा रविवार को देवांगन समाज भवन में हर्षोल्लास एवं सामाजिक एकता के प्रतीक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन ने कहा कि समाज की उन्नति आपसी भाईचारे और शिक्षा से ही संभव है। हमें अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना होगा और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होगा।" सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सात दिवसीय महोत्सव का आयोजन 05 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। आयोजन स्थल विवेकानंद वार्ड स्थित देवांगन बाड़ा रहेगा। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्रचारक कोमल देवांगन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा "आज समाज को युवा शक्ति की आवश्यकता है। यदि हमारे युवा समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आगे आएंगे, तो समाज को प्रगति की नई दिशा मिलेगी। हमें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर व्यवसाय, शिक्षा और सामाजिक कार्यों की ओर अग्रसर होना चाहिए।" महोत्सव की तैयारियों के तहत समाज के विभिन्न सदस्यों एवं दानदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग की घोषणा की।

### दीपावली मिलन में जुटे विप्रजन



**मुंगेली।** सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार 26 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे इंदिरा केशव विप्र भवन, में किया गया। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर एवं जिले के अनेक विप्रजन, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग तथा महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन परिषद के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सर्व ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधियों ने व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष अवधे शुक्ला, शैलेष पाठक, पवन पाण्डेय, अरूण पाठक, आशीष मिश्रा, संजय तिवारी, योगराज उपाध्यक्ष, प्रेमांशु उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, दिलीप चतुर्वेदी, ब्रजेश्वर पाण्डेय, ओमप्रकाश दीक्षित, रविशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## भक्ति, आस्था और अनुशासन का संगम बना चमेंटा तालाब

# उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, व्रती महिलाओं ने छट घाट में डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

भक्ति, अनुशासन और आस्था का अद्भुत संगम सोमवार की शाम को चमेंटा तालाब के घाट पर देखने को मिला। पावन छठ पर्व पर सीपत क्षेत्र की व्रती महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से पहले डूबते और फिर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठी मइया से परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की।

सोमवार की शाम जब सूर्यास्त होने लगा, तब महिलाओं ने सजे हुए दउरे में फल, ठेकुआ, नारियल और दूब रखकर तालाब के पवित्र जल में उतरते हुए "छठ मइया की जय" के जयघोष किए। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय अपनी धर्मपत्नी के साथ विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का वह उज्जवल प्रतीक है, जो प्रकृति, परिवार और पर्यावरण के प्रति हमारी कृतज्ञता को दर्शाता है। मंगलवार की सुबह जैसे ही पूर्व दिशा में लालिमा फैली, वैसे ही तालाब घाट पर व्रती महिलाएं फिर से एकत्र होंगी। हाथों में सूप, कलश और दउरा लिए, वे छठ गीत गाती हुई उगते सूर्य की आराधना में लीन रहेंगी। तालाब का जल लाल आभा से चमक उठा, और सूर्यदेव के प्रथम किरणों के साथ महिलाओं ने अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। पूरे घाट क्षेत्र को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-रोगन, फूलों की झालरें, रंगीन लाइटें और स्वागत द्वार से पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा। बाजे और ढोलक की थाप पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरानसुरक्षा और स्वच्छता का भी ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर आशीष वासनिक, जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती, अनंत वासनिक, इंद्रदीप साहू, गोपाल यादव, डॉ. एके शर्मा, संतोष यादव, राजेंद्र उरांव सहित छठ पूजा समिति के सभी सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित रहे।



परिवार के साथ अर्घ्य में शामिल कार्यकारी निदेशक।

### छट घाटों पर लगी व्रतियों की भीड़



**करगी रोड कोटा।** डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व की शुरुआत की गई। नगर में छठ महापर्व की शुरुआत श्रद्धा और आस्था के वातावरण में हुई, क्षेत्र के विभिन्न तालाब कोटसागर तालाब, फिरंगीपारा के बधिया तालाब में श्रद्धालु पाटलीपुत्रों ने परंपरागत रीति से डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ पूजन का शुभारंभ किया। शाम के समय तालाबों के घाटों पर व्रतधारिणी महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल-फूल, नारियल, दीपक और दूध से सूर्य देवता को अर्घ्य दिया। इस दौरान वातावरण "छठ मइया के जयकारों" से गूंज उठा। श्रद्धालु परिवारजन पूजा स्थल पर उपस्थित होकर व्रतधारिणियों की सेवा में जुटे रहे। नगर के प्रमुख तालाबों में स्वच्छता और सुरक्षा की व्यवस्था की गई।



लक्ष्मी पूजन में शामिल ग्रामीण जन।

## दिवाली महोत्सव के दौरान हुईं विविध प्रतियोगिताएं

**मुंगेली।** होल्हाबाग नवयुवा समिति बांकी ने धूमधाम से दीपावली मनाई। पांच दिनों तक चला सांस्कृतिक उत्सव। होल्हाबाग नवयुवा समिति, बांकी द्वारा महालक्ष्मी, सरस्वती एवं भगवान गणेश जी की स्थापना कर दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इन पांच दिनों के दौरान समिति द्वारा बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जलेबी दौड़, फुगड़ी, रंगोली, नींबू दौड़, बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, फुग्गा फोड़, कुर्सी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में व्रत, पर्व और उत्सवों का विशेष महत्व है। ये केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का माध्यम हैं। संस्था के अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य गांव में आपसी एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखना है। आयोजन की सफलता में समिति के संस्थापक रामपाल सिंह, संयोजक नागेश साहू, अध्यक्ष पवन निर्मलकर, उपाध्यक्ष मयंक कैवर्त, यशवंत साहू, योगेंद्र पूरी, सचिव गोपाल यादव, वरिष्ठ सदस्य विकास सिंह, अंशुल पूरी, रिकेश पूरी, देवराज साहू, योगेश पूरी, सनत साहू, ब्रजराज पूरी, चंदन पूरी, खेलावन यादव, भोला पूरी, पिंटू पूरी, मुकेश श्रीवास, सांस्कृतिक प्रभारी बबलू साहू, पर्यावरण प्रभारी रिंकू यादव, संजय यादव, राकेश यादव, योगेंद्र साहू, भुवन साहू, टीपू निर्मलकर, लोकेश श्रीवास, किशन यादव, दिलीप गोस्वामी, जीवेश, राघवेंद्र, अश्वनी, रामावतार, रमाकांत, किशन, प्रदीप, सुखदेव, संजय, रवि, सुभाष, अमित, असवंत, मक्कू, भूपेंद्र, भवानी, जगन्नाथ, रामु, राजेश, अनिल, टाइगर, मोनू, लल्लू सहित सभी सदस्यों एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।

## अवैध खनन कर परिवहन करते ट्रैक्टर को विभाग ने किया जब्त

**लोरमी।** ग्राम चचेड़ी के वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। विभाग ने जब्त वाहन को राजसात करने की तैयारी की है। अब तक विभाग में 9 वाहनों को जब्त किया जा चुका है।

वनविभाग के डीएफओ अभिनव कुमार निर्देशन एवं एसडीओ दशांश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में खुड़िया वन परिक्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार राठौर ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर रविवार की रात ग्राम चचेरी वन क्षेत्र के 493 कक्ष क्रमांक में बीती रात वन विभाग ने दबिश देकर एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से देर रात नदी से रेत खनन करते कर परिवहन करते जप्त कर लिया है। विभाग ने आरोपी ग्राम झलरी निवासी अरुण पात्रे पिता पदुम पात्रे को गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार राठौर ने बताया कि रात में वनक्षेत्र में एक ट्रैक्टर को आरोपी के साथ अवैध उत्खनन कर रेत परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। अब तक 9 वाहनों को पकड़ा जा चुका है।



## प्रतियोगिता से बाहर आती है गांव की छिपी प्रतिभा

**लोरमी।** ग्राम कुटेलाटोला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रुप एवं एकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनिता कोमल साहू, विशिष्ट अतिथि संतोषी प्रदीप गायकवाड़, उत्तम साहू, मध्यम पटेल, आदित्य ध्रुव, सुरजीत भार्गव, मोहित साहू सहित पूर्व सरपंच अशोक पात्रे थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य अनिता साहू ने कहा कि गांव में छिपी हुई प्रतिभा तब बाहर आती है जब ऐसे आयोजन होते हैं। लोग रील बनाकर, डांस कर एलबम एवं फिल्म में अपना कैरियर बना रहे हैं। सोशल साइट पर लोग डांस करते हुए अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। हमें खुशी की बात है कि आज गांव में भी इस प्रकार के आयोजन हो रहे हैं। कुटेलाटोला में पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिभागी भाग लेने आते है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि गांव में इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए जिससे बच्चों की प्रतिभा निखर सके। इस अवसर पर बरसन मानिकपुरी, सुनील सिन्द्राम, नवनीत पटेल, त्रिभुवन सिन्द्राम, नूरबेग सहित ग्रामवासी सक्रिय रहे।



### ग्रुप डांस में बिलासपुर ने जीता पहला ईनाम

बिलासपुर की श्रद्धा ग्रुप एवं उनकी टीम ने जबरदस्त परफार्म किया और पहला ईनाम जीता। टीम को 10 हजार रुपए नकद एवं कप दिया गया। वनांचल की टीम कामटी ने दूसरा स्थान हासिल किया। एकल डांस में रिया कश्यप तखतपुर विनर रही। द्वितीय स्थान पर बबली डांसर चतुर्धर की रही तीसरे स्थान पर घानाघाट के नागपाल पटेल रहे।

### लगातार अनुपस्थित दो शिक्षक निलंबित

**तखतपुर।** विद्यालय से लगातार अनुपस्थित शिक्षकों को जांच प्रतिवेदन के आधार पर निलंबित कर दिया गया है। विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला कठमुड़ा में पदस्थ सहायक शिक्षक रमाकांत कुर्रे, बसंत सिंह भानु विद्यालय से अनुपस्थित रहते थे। विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए बार बार ताकित भी किया जा रहा था। ग्रामीण भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से परेशान थे जिसकी शिकायत भी की गई थी इसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्रतिवेदन मांगा था और बीईओ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दोनों सहायक शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय शासकीय हाई स्कूल बेलपान किया है।

## गौ सेवा आयोग जिला कार्यकारिणी विकासखंड समितियों की बैठक



**पेंड्रा।** गौ सेवा आयोग के गठन के बाद जिले में पहली बार जिला कार्यकारिणी एवं तीनों विकासखंड कार्यकारिणियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता गौ सेवा आयोग जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास ने की, जिसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्ययोजना तैयार की गई। प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से गौवंश की सुरक्षा, तस्करी रोकथाम तथा गौशालाओं, गौठानों के निरीक्षण और विकास पर सहमति बनी। जिले की पूरी कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने रायपुर स्थित गौ सेवा आयोग कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। शपथ ग्रहण के बाद आयोग ने जिले में सक्रिय रूप से कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस मौके पर सदस्य दुर्गेश सिंह बिसेन पेंड्रा, सदस्य परमेश्वर प्रसाद (भोले साहू) लरकेनी, महेंद्र सिंह राठौड़ आंदुल, कौशल मणि तिवारी गौरेला, गोपाल प्रसाद सोनी लोहारी, ऋतुराज शर्मा सिवनी, जितेंद्र चावला गौरेला, राजकुमार राठौर नवापारा सहित अन्य मौजूद थे।



## एनटीपीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

**सीपत।** एनटीपीसी में 27 अक्टूबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय तथा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सुरोजीत सिन्हा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। सप्ताह के दौरान सतर्कता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कर्मचारियों के परिवार की महिलाओं के लिए निबंध प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए क्विज़ प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता तथा बच्चों में सतर्कता एवं ईमानदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों के लिए वाल पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। एनटीपीसी सीपत में यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जनहित के मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक सामूहिक प्रयास के रूप में मनाया जा रहा है।

## नपा अध्यक्ष की उपस्थिति में दीदियों ने किया श्रमदान



**करगी रोड कोटा।** नगर पंचायत में रजत जयंती वर्ष पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन वार्ड क्रमांक 12 में किया गया। अभियान के अंतर्गत नगर अध्यक्ष द्वारा चयनित सीटीयू क्लीनिंग टारगेट यूनिट को तत्काल प्रभाव से स्वच्छ किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कुमार यादव की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों द्वारा विशेष स्वच्छता श्रमदान किया गया। नगर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु यह अभियान प्रेरणास्पद रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरोज दुर्गेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कुमार यादव, सफाई प्रभारी जितेंद्र यादव, पीआईयू प्रतिनिधि मोईन उल हक, एवं समस्त स्वच्छता दीदियां एवं ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहे। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राहुल यादव ने नगर पंचायत के बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है।

## निधन

### आयुष्मान तिवारी

**बिलासपुर।** नगर के गणमान्य नागरिक डा. आरती पांडे एवं डा. आशुतोष तिवारी के पुत्र आयुष्मान तिवारी का 26 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल तिवारी एवं आलोक तिवारी के भतीजे थे।



### सुरेश डागोर

**बिलासपुर।** अशोक विहार फेस टू निवासी सुरेश डागोर का 55 वर्ष की आयु में 27 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 28 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे यश डागोर के पिता थे।



### आकाश अग्रवाल

**बिलासपुर।** आकाश अग्रवाल अंकुश पिता हरिकिशन अग्रवाल का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास सीपत रोड, मौसाजी होंडा के बाजू, सरकंडा से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जगदीश, नेहरू अग्रवाल के भतीजे थे।



### नारायण जायसवाल

**बेलतरा।** बेलतरा के प्रतिष्ठित नागरिक नारायण जायसवाल का 68 वर्ष की आयु में 26 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम उनके गृह ग्राम बेलतरा में संपन्न हुआ। वे अमन, पूनम एवं सुरुचि जायसवाल के पिता थे।



## श्रेष्ठी कुर्मी समाज ने किया प्रतिभा व मातृ पितृ सम्मान

**तखतपुर।** श्रेष्ठी कुर्मी समाज द्वारा प्रतिभा एवं मातृ पितृ सम्मान का आयोजन नगोई में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें 2023-24 मैं स्वाति कौशिक प्रथम नीलकमल कौशिक द्वितीय ,सत्र 2024-25 हाई स्कूल परीक्षा में प्रज्ञा कौशिक प्रथम राखी कौशिक द्वितीय 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में गुलशन कौशिक प्रथम एवं मयंक कौशिक द्वितीय को सम्मानित किया गया । इसी प्रकार मातृ शक्तियों में कांतिबाई कश्यप विमला बाई कौशिक एवं अमरिका बाई कौशिक पितृ शक्तियों के रूप में हनुमान प्रसाद कौशिक व विश्राम प्रसाद कौशिक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि घनश्याम प्रसाद कौशिक विशिष्ट अतिथि शिवबालक कौशिक, शिवेंद्र प्रताप कौशिक, हनुमान प्रसाद कौशिक एवं बसंत कश्यप के द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव विष्णु प्रसाद कौशिक के द्वारा किया गया । इस अवसर पर लखनलाल कौशिक, अशोक कौशिक, सरजू प्रसाद, दाताराम, विश्राम प्रसाद, धनीराम, जगदीश कौशिक, शिव प्रसाद, कौशल प्रसाद, मनोज कौशिक, नंदलाल, शानू कौशिक, संतोष कौशिक, छत्रपाल कौशिक, संजय कौशिक, हरिकांत कौशिक, राम कौशिक, समीर कौशिक, जगेश कौशिक, अश्वनी कौशिक, श्रीमती उमा कौशिक, कृता कौशिक, सरोजनी कौशिक, संतोषी कौशिक, चित्ररेखा, अमरिका कौशिक, जलवती कौशिक, अनीता कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।



## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सोनकर सेल्स बैंक ऑफ बडौदा के पीछे बिलासपुर रोड शनिवार, 25 अक्टूबर से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन अवधेश श्रीवास्तव एवं अमीता श्रीवास्तव द्वारा यजमान के रूप में किया गया है। कथा वाचन का दायित्व कथाव्यास आचार्य सागरानंद पाठक निभा रहे हैं। कथा के प्रारंभ अवसर पर मंगलाचरण, कलश यात्रा और विधिवत पूजा-अर्चना और वेदी पूजन, महात्म्य कथा के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कथा में दूसरे दिन परीक्षित जन्म, कपिल का सुंदर वर्णन किया गया। आचार्य सागरानंद ने श्रोताओं को बताया कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में धर्म, ज्ञान और भक्ति का संगम है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान विष्णु के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। सोमवार को कथा में शिव-सती प्रसंग, प्रहलाद और बालक ध्रुव की अद्भुत भक्ति की कथा सुनाई जाएगी। कथा स्थल को सुंदर फूलों और दीपों से सजाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम समाज में आस्था और सद्भाव का वातावरण बनाते हैं। पूरे सप्ताह नगर भक्ति-संगीत, भजन और अध्यात्म से गूंजता रहेगा, जहां श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा के अमृत का रसपान करेंगे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### तूफान के कारण बदलेगा मौसम

**बिलासपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव ने भीषण चक्रवात का रूप ले लिया है और यह उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने लगा है। जिसके प्रभाव के चलते मौसम में परिवर्तन हो रहा है। प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में भारी वर्षा के संकेत मिल रहे है, इस दौरान छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में भी हल्की बुंदाबादी हो सकती है और 40 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। इस दौरान दो दिनों तक मौसम में बदलाव होने की संभावना नहीं है, आसमान पर बदली छाए रहेगी। इससे अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की कमी आ चुकी है, सोमवार को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### 2 घंटे बंद रही बिजली लोग हलाकान

**बिलासपुर।** पुराना हाईकोर्ट के पीछे बिजली की आंखमिचौली



जारी रही। सोमवार की दोपहर 2 बजे अचानक बिजली बंद हो गई। इस दौरान आसपास के लोगों ने विभाग को इसकी सुचना दी लेकिन मरम्मत में काफी समय लग गया। बताया जारहा है कि फ्यूजकॉल पर शिकायत के बाद भी बिजली मरम्मत में 3 घंटे का समय लगा, जिससे लोगों को हलाकान होना पड़ा। बताया जा रहा है कि यहां रोजाना बिजली बंद होने की शिकायत है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है।

### फेसबुक में अभद्र टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया फेसबुक में मुख्यमंत्री पर अभद्र



टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया फेसबुक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पर अभद्र टिप्पणी लिखकर अपलोड किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उक्त पोस्ट को देखने के बाद थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने अज्ञात फेसबुक आईडी धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 353 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**स्लीपर में वेटिंग का आंकड़ा शतक के पार** | यात्री जबरदस्ती स्लीपर कोच में घुस रहे, फर्श पर बैठकर कर रहे सफर

# छठ स्पेशल : सारनाथ का ऐसा हाल....जिसके स्लीपर में नो रूम 2 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





दुर्ग से छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस साल के 365 दिन पैक रहती है, लेकिन वर्तमान में छठ पर्व के कारण ट्रेन का ऐसा हाल है कि इसके स्लीपर कोच में 2 नवंबर तक छपरा से दुर्ग आने वालों की भीड़ अधिक होने की वजह से नो रूम की स्थिति बनी हुई है। इसके कारण यात्री जबरदस्ती स्लीपर कोच में घुसकर फर्श में बैठकर सफर कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ से बिहार जाने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ सारनाथ एक्सप्रेस में होती है। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार सहित चार स्टेट से होकर गुजरती है। साल के 365 दिन चलने वाली दुर्ग-छपरा और छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस में ज्यादातर यात्री प्रयागराज, बनारस जाने वाले होते हैं, जो अस्थि विसर्जन के लिए सफर करते हैं। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण साल भर वेटिंग से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में बर्थ भी बड़ी मुश्किल से नसीब हो पाती है। वर्तमान में इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का हाल बेहाल हो चुका है। 25 अक्टूबर से छठ का पर्व शुरु हो चुका है। रेल प्रशासन ने बिहार की ओर छठ पर्व मनाने के लिए जाने वाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा तो दी है, लेकिन यात्रियों की स्पेशल ट्रेन से ज्यादा रूचि सामान्य ट्रेन में है। इसके कारण बिलासपुर से पटना, दुर्ग से आरा जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस, दुर्ग से रायपुर, उसलापुर, कटनी होते हुए नौतनवा की ओर जाने वाली ट्रेन के अलावा गोंदिया-बरौनी में भी यात्रियों की भीड़ अधिक रहती है। तीन दिन पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश के डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों से बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर, एसी कोच में यात्रियों की काफी भीड़ थी। पैकमपैक जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग क्लीयर नहीं होने के बावजूद यात्री जबरदस्ती अंदर घुस रहे थे, जिसके कारण कंफर्म बर्थ वाले यात्री परेशान हो गए थे। वहीं छठ का पर्व 28 अक्टूबर मंगलवार को समाप्त हो जाएगा। यह पर्व मनाने के बाद प्रदेश से बिहार की ओर जाने वाले लोगों की वापसी होगी। इसके लिए लोगों ने पहले ही बुकिंग कर ली है, जिसके कारण छपरा से दुर्ग आने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर में वेटिंग के आंकड़े ने शतक का आंकड़ा पार करने से नो रूम की स्थिति हो चुकी है।

### यह है वेटिंग

- स्लीपर कोच में 28 अक्टूबर को 128 वेटिंग, 29 अक्टूबर को 136 वेटिंग, 30 अक्टूबर को 110 वेटिंग, 31 अक्टूबर को 126 वेटिंग, 1 नवंबर को 124 वेटिंग और 2 नवंबर को 84 वेटिंग।
- एसी थ्री कोच में 28 अक्टूबर को 47 वेटिंग, 29 अक्टूबर को 99 वेटिंग, 30 अक्टूबर को 118 वेटिंग, 31 अक्टूबर को 69 वेटिंग, 1 नवंबर को 71 वेटिंग और 2 नवंबर को 93 वेटिंग।
- सेकेंड एसी कोच में 28 अक्टूबर को 44 वेटिंग, 29 अक्टूबरको 48 वेटिंग, 30 अक्टूबर को 32 वेटिंग, 31 अक्टूबर को 41 वेटिंग, 1 नवंबर को 40 वेटिंग और 2 नवंबर को 21 वेटिंग।
- फर्स्ट एसी कोच में 28 अक्टूबर को 04 वेटिंग, 29 अक्टूबर को 05 वेटिंग, 30 अक्टूबर को 09 वेटिंग, 31 अक्टूबर को 03 वेटिंग, 1 नवंबर को 06 वेटिंग और 2 नवंबर को 03 वेटिंग।

---

दुकानों की नीलामी के लिए फिर शुरू हुई प्रक्रिया

# 1 साल पहले हुआ लोकार्पण, अब तक नहीं बिकी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग की 20 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी द्वारा लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। इसमें व्यावसायिक काम्पलेक्स भी बनाए गए हैं, जिसमें कुल 46 दुकानें बनाई गई हैं। इस मल्टीलेवल पार्किंग का लोकार्पण हुए सालभर हो गए हैं और अभी में कोतवाली पार्किंग स्थित 20 दुकानें नहीं बिक पाई हैं। स्मार्ट सिटी की ओर से फिर से इन खाली पड़े दुकानों के नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है।

- केवल पांच दुकानों के लिए आए आवेदन

कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग स्थित व्यवसायी काम्पलेक्स में खाली व बंद पड़ी 20 दुकानों के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से नीलामी प्रक्रिया के लिए टेंडर निकाला गया था, जिसमें केवल पांच खरीददारों ने आवेदन दिया था। इन पांच आवेदनों पर आबंटन और पैसा जमा कराने की प्रक्रिया चल ही रही है, साथ ही स्मार्ट सिटी बाकी बचे दुकानों के लिए फिर से नीलामी बुलाने की तैयारी कर रही है।

कोतवाली थाना परिसर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कराया गया है। इसी मल्टीलेवल कार पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर को व्यवसायिक काम्पलेक्स बनाया गया है, जिसमें 46 दुकानें बनी हुई है। इस मल्टीलेवल पार्किंग व्यवसायिक काम्पलेक्स का लोकार्पण हुए सालभर होने वाला है और अभी तक ये पूरी दुकानें नहीं बिकी है। लोकार्पण के पहले भी स्मार्ट सिटी द्वारा दो बार नीलामी प्रक्रिया की गई थी, जिसमें 20 दुकानें ही बिक पाई थी और तीसरी बार नीलामी प्रक्रिया के लिए केवल एक आवेदन आया था जिसके चलते नीलामी प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी थी। स्मार्ट सिटी द्वारा हाल ही में फिर से दुकानों के नीलामी के लिए टेंडर निकाला था, जिसमें 20 दुकानों में से केवल पांच आवेदन आए थे। खरीददारों ने भी अभी राशि जमा नहीं कराई है, वहीं खाली बची दुकानों के लिए स्मार्ट सिटी पुनः नीलामी प्रक्रिया करने वाली है।







### पहला आबंटन हुआ था निरस्त

स्मार्ट सिटी द्वारा कोतवाली थाना परिसर में लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कराया गया है। स्मार्ट सिटी द्वारा पूर्व में इसके ग्राउंड फ्लोर पर स्थित काम्पलेक्स की 46 दुकानों की नीलामी की गई थी, लेकिन इसमें आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया था, इसलिए यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा और हाईकोर्ट ने मल्टीलेवल पार्किंग के पूर्व हुए दुकानों के आबंटन का निरस्त करते हुए नए सिरे से आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नीलामी करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने मल्टीलेवल कार पार्किंग बिल्डिंग में फायर सेफ्टी आडिट करने का निर्देश भी दिया था। इसके बाद स्मार्ट सिटी द्वारा चार बार नीलामी के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।

### इस तरह किया गया था दुकानों का आरक्षण

कोतवाली मल्टीलेवल कार पार्किंग स्थित 46 दुकानों का आरक्षण निकाला गया था। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 7 दुकान, अनुसूचित जनजाति के लिए 3 दुकान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 7 दुकान, विधवा/परित्यक्ता के लिए 1 दुकान, विकलांग के लिए 1 दुकान, भूतपूर्व सैनिक के लिए 1 दुकान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए 1 दुकान, शिक्षित बेरोजगारों के लिए 2 दुकान, महिलाओं के लिए 5 दुकान, तृतीय लिंग के लिए 1 दुकान आरक्षित की गई। इसके अलावा सामान्य वर्ग के लिए 17 दुकान रखी गई थी।

### चल रही नीलामी की प्रक्रिया

कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग स्थित दुकानों के टेंडर नीलामी की प्रक्रिया चल रही है। बीच में दुकानों के लिए टेंडर निकाला गया था, जिसमें पांच दुकानों की नीलामी हुई है उनका पैसा जमा होना बाकी है। पार्किंग के बाकी बचे दुकानों के लिए भी टेंडर प्रक्रिया होने जा रही है।

प्रवीण शुक्ला, कार्यपालन अभियंता, स्मार्ट सिटी

---

# 2 साल बाद रेलवे ट्रैक पर युवक के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

2 साल बाद दोमुहानी रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश की गुत्थी सुलझाने में तोरवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर युवक की हत्या की, उसके बाद बाइक से लाश ले जाकर बंद रेलवे ट्रैक में रख दिया था। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 2 सितंबर 2023 को तोरवा क्षेत्र के दोमुहानी बंद रेलवे ट्रैक पर 40 से 45 साल के युवक की लाश मिली थी, उसके हाथ व पैर रस्सी से बंधे थे। मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि की गई थी। पुलिस मृतक की पहचान नहीं कर पाई और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पूर्व में एसपी रजनेश सिंह ने फिर से अंधे कत्ल की डायरी खोलवाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया था, उन्होंने पूर्व कोतवाली सीएसपी अक्षय प्रमोद सबद्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर जांच करने का निर्देश कहा था, किन्तु दोबारा जांच टीम भी मृतक की पहचान नहीं कर पाई थी और एक बार फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। 2 साल बाद पतासाजी के दौरान तोरवा थाना के आरक्षक सरफराज खान, अजय शर्मा को सूचना मिली कि लालखदान परियापारा निवासी कृष्णा पाल पिता स्व. कमलेश पाल 24 साल ने शराब पीने के बाद युवक की हत्या कर दोमुहानी बंद रेलवे ट्रैक में लाश फेंकने की बात कह रहा था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर टीआई अभय सिंह बैस, एएसआई परदेशी साहू, प्रधान आरक्षक उमाशंकर राठौर, महिला आरक्षक इरफानी व अन्य टीम के साथ कृष्णा पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर वह टूट गया और मृतक की पहचान तोरवा हेमूनगर आवासपारा निवासी विनोद दास के रूप में की।

### आपत्तिजनक हालत में देख लिया

पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाल की मां ईमलीपारा बजरंग काम्प्लेक्स के पास रहती थी। 1 सितंबर को कृष्णा पाल दोस्त लालखदान निवासी मनोज पाल उर्फ धन्ना पिता शिवपाल 21 साल के साथ अपनी मां से मिलने उसके घर गया। दोनों ने मां व मृतक को विनोद दास को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। उसकी मां ने दूसरे कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था।

### अधमरा होने पर पत्थर से कुचलकर की हत्या

मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर विनोद की जमकर पिटाई की। उसके बाद उसे बाइक में बैठाकर लालखदान स्थित घर ले गए। वहां दोनों ने फिर जमकर हाथ मुक्का राड से उसे मारा, जिससे वह बदहवास हो गया। रात में मृत मानकर दोनों ने मृतक को दोमुहानी बंद रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। इसी दौरान मृतक को होश होने पर युवकों ने पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने धारा 302, 201 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# सीयू के छात्र की मौतः कांग्रेस ने एसएसपी से की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलान अंसारी की मौत मामले में सोमवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल एसएसपी रजनेश सिंह से मुलाकात की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। एसएसपी ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को बताया कि मामले की पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ जांच होगी।

कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, शहर अध्यक्षक विजय पांडेय, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, रामशरण यादव, प्रमोद नायक, शेख नजरूद्दीन, विनोद साहू, ऋषि पांडेय आदि शामिल थे। जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अव्यवस्था का ये आलम है कि लगातार विवादों में घिरा रहता है। उन्होंने कहा कि बीएससी भौतिक के पांचवें सेमेस्टर का छात्र 21 अक्टूबर से विवेकानंद हास्टल से गायब हो जाता है पर प्रबंधन, वार्डन, सुरक्षा अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोये रहते हैं। उन्हें पता तक नहीं चलता कि कोई छात्र हास्टल से गायब है। छात्र अर्सलान अंसारी का शव तालाब में तैरता मिला उसके बाद भी यूनिवर्सिटी को ये नहीं पता था कि कोई छात्र 21 अक्टूबर से हास्टल से गायब है। रविवार को यूनिवर्सिटी में समारोह आयोजित करना गंभीर विषय है ऐसा लगता है कि उक्त प्रबंधन के लिए औपचारिक है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि यह घटना प्रबंधन, वार्डन और सुरक्षा अधिकारी की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले दो छात्रों को रेस्टीगेट किया गया और अब एक बड़ी घटना हो गई है। ऐसे में तत्काल सभी जिम्मेदार अधिकारियों का स्थानांतरण करने की जरूरत है। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि एक युवा छात्र की मौत हुई है। इससे सभी छात्रों में जो दूर-दूर से पढ़ने आए हैं एक भय का वातावरण निर्मित हो गया है।



### जांच के लिए जीजीयू पहुंची पुलिस

छात्र की तालाब में लाश मिलने के मामले में एसएसपी राजनेश सिंह सेंट्रल यूनिवर्सिटी गए। वहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी फुटेज व रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 23 अक्टूबर को जीजीयू के तालाब में एक युवक की लाश मिली थी। 26 अक्टूबर को पिता अर्शद आयब अंसारी ने शव देखकर उसके अपने बेटे के रूप में पहचान की थी। उन्होंने कोनी थाना में जीजीयू प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। सोमवार को पुलिस की जांच टीम ने भी जीजीयू पहुंचकर स्वामी विवेकानंद हास्टल के वार्डन, सिक्यूरिटी गार्डो का बयान दर्ज कर कुछ जरूरी रजिस्ट्रर जब्त किया गया है।

### यूनिवर्सिटी ने गठित की चार सदस्यीय जांच कमेटी

इधर इस मामले को लेकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से चार सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग जांच कमेटी गठित की गई है। इस फैक्ट फाइंडिंग जांच कमेटी के समन्वयक यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शैलेन्द्र कुमार एवं प्रस्तुतकर्ता एडमिनिस्ट्रेटिव वार्डन प्रो. सीपी देवांगन को बनाया गया है। इनके साथ ही ओएसडी डव्हलपमेंट फार्मेसी विभाग के प्रो. भारती अहिरवार व इंजीनियरिंग साइंस संकाय के डीन प्रो. शरद श्रीवास्तव सदस्य के रूप में शामिल किए गए है। इस जांच कमेटी को जल्द से जल्द हास्टल से बीएससी फिजिक्स के छात्र अर्सलान अंसारी के गायब होने के मामले में तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। यह जांच कमेटी आज जांच के लिए हास्टल भी गई थी।

### क्रेडिट कार्ड दिलाने का झांसा, डेढ़ लाख की ठगी

**बिलासपुर।** क्रेडिट कार्ड दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सिटी पार्क कालोनी मोपका निवासी केएल नरसिम्हा राव ने रिपोर्ट लिखाई। 22 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे उनके व्हाट्सएप पर 2 अज्ञात व्यक्तियों ने क्रेडिट कार्ड आवेदन के लिए एक ऐप भेजा। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक का एप समझकर उसमें अपना पैन नंबर और अन्य व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर दिया। इसके बाद उनके मोबाइल का पूरा डाटा हैक हो गया। हैकर्स ने उनके बैंक खाते से नेट बैंकिंग के माध्यम से 1 लाख 51 हजार बंधन बैंक हुगली की पूजा विश्वास नामक खाता धारक के खाते में ट्रांसफर कर दिया। यूपीआई के जरिए अलग अलग किश्तों में 18 हजार 350 रुपए ट्रांसफर किया गया है। इस तरह से उनसे 1 लाख 69 हजार 350 रुपए की आनलाइन ठगी की गई है। उन्होंने तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद 25 हजार 377 रुपए होल्ड कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

### पति ने पत्नी को पीटा, सिम्स में हंगामा

**बिलासपुर।** मामूली विवाद के बाद पति ने पत्नी को अस्पताल के भीतर ही पीटना शुरू कर दिया, जिसे देखते ही लोगों के बीच हड़कंप मच गया। सिम्स के ट्राइएज में उपस्थित डाक्टरों ने इसकी जानकारी सिम्स चौकी को दी। जिसके बाद युवक को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि सतीश सिंह ठाकुर नाम का व्यक्ति अपनी पत्नि के साथ सिम्स पहुंचा था, इस दौरान पत्नी की तबीयत खराब थी, लेकिन आपसी बातचीत के दौरान दोनों में झगड़ा शुरू हो गया। एकाएक पति का पारा बढ़ा और वह बीमार पत्नि को बुरी तरह पीट दिया, जिसे देख अस्पताल के डाक्टरों ने उसे रोका, लेकिन युवक मानने को तैयार नहीं था। ऐसे में गार्ड और पुलिस ने युवक को पहले ट्राइएज से बाहर निकला, वहीं पुलिस ने उसे कार्रवाई के लिए थाने भेजवा दिया है।





# युवक से मारपीट कर चाकू से हमला, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गौरा गौरी के मीटिंग से लौटने के दौरान गाली देने से मना करने पर युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर अंतड़ी बाहर निकाल दी। पुलिस ने 5 हमलावर युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम तेलसरा आवासपारा निवासी मुकेश विश्वकर्मा पिता दुकालू राम फ्रेबिकेशन का काम करते है। 26 अक्टूबर को वे गांव में गौरा गौरी की मीटिंग में शामिल होने गए थे। मीटिंग समाप्त होने पर सभी अपने अपने घर जा रहे थे। रात 9 बजे विक्की ठाकुर, रितेश उर्फ राकी ठाकुर, मनीष कुमार बृजवासी, महेश कुमार कुर्रे एवं अन्य गाली गलौज करते जा रहे थे। गांव के गंगाराम यादव ने उन्हें गाली देने से मना किया तो सभी युवकों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया, जिससे उनके पेट की अंतड़ी बाहर निकल गई। गांव की महिलाए एवं अन्य ने बीच बचाव किया तो सभी युवक भाग निकले। परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चाकूबाजी की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही टीआई उत्तम साहू स्टाफ के साथ गांव पहुंच गए और जानकारी लेने के बाद देर रात हमलावर नितेश सिंह ठाकुर पिता मोहन सिंह ठाकुर 25 साल, रितेश उर्फ राकी सिंह ठाकुर पिता मोहन सिंह ठाकुर 20 साल, विक्की सिंह ठाकुर पिता मोहन सिंह ठाकुर 18 साल, मनीष कुमार बृजवासी पिता दर्शन लाल बृजवासी 23 साल, महेश कुर्रे पिता हेलन कुर्रे 23 साल को पकड़ लिया है। पुलिस ने मुकेश विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 296, 191, 1, 191, 3 के तहत हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।



